Title: Need to protect the interests of potato growers particularly in Allahabad, Uttar Pradesh.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान मार्च-अप्रेल में आने वाले आलू की फसल की तरफ आकर्ाित करना चाहता हूं। इस वक्त आलू की खुदाई का काम शुरु हो गया है। परन्तु इस समय भी पिछले व्रा के आलू जो कोल्ड स्टोर में रखे गये थे, जिनको किसान इन कोल्ड स्टोर का किराया न देने के कारण आलू को कोल्ड स्टोर से नहीं निकाल पाया है। इस कारण से आलू के भाव बाजार में लागत भाव से भी कम मिलने के कारण पूरे देश भर के किसान विशोकर उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद के किसानों ने आत्महत्या कर ली थी। आज भी बाजार में आलू लागत मूल्य से कम में बिक रहा है।

ऐसी स्थिति में सरकार से मांग करता हूं कि आलू के दाम लागत मूल्य से अधिक बनाये रखने के समुचित उपाय करें और सरकार आलू को भी निर्यात करने की व्य वस्था करे जिससे किसानों को आलू को कोल्ड स्टोर में ना रखना पड़े। यदि किसानों द्वारा आलू कोल्ड स्टोर में रखें भी तो सरकार उसके कम से कम दामों में भी रखने की व्यवस्था करे।

(इति)